दिन– गुरूवार दिनांक– 18 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत कल औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में होगा मतदान। अड़तीस उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत दांव पर।

02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी। बिहार की पांच लोकसभा सीटों– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में तेरह मई को होगा मतदान।

03. भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ा। जनसंख्या का आंकड़ा लगभग एक अरब चौवालीस करोड़।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर लू जैसे हालात। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, बक्सर, औरंगाबाद, मुंगेर, जमुई और खगड़िया समेत चौदह जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की।

---

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। वहीं, पंद्रह विधानसभा क्षेत्र के सभी संवेदनशील बूथों पर मतदान का समय शाम चार बजे तक निर्धारित किया गया है। इस चरण में बिहार समेत इक्कीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एक सौ दो लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्रों औरंगाबाद, जमुई, गया और नवादा के लिए मतदान होगा। पहले चरण के तहत छिहत्तर लाख एक हजार छह सौ उनतीस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें उनतालीस लाख तिरेसठ हजार दो सौ तेईस पुरूष और छत्तीस लाख अड़तीस हजार एक सौ इक्यावन महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या दो सौ पचपन है। पहली बार मतदान करने वाले वोटरों की संख्या बानवे हजार छह सौ दो है। इन संसदीय क्षेत्रों में तीन महिला उम्मीदवारों समेत कुल अड़तीस प्रत्याशी मैदान में हैं। गया से सबसे अधिक चौदह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। औरंगाबाद से नौ, नवादा से आठ और जमुई से सात उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है। औरंगाबाद सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के सुशील सिंह और राजद के अभय कुशवाहा के बीच माना जा रहा है। वहीं, जमुई सीट पर लोजपा, रामविलास के अरूण भारती और राजद की अर्चना रविदास के बीच सीधी टक्कर है। नवादा संसदीय सीट

पर भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुशवाहा तथा गया लोकसभा सीट पर हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के जीतनराम मांझी और राजद के कुमार सर्वजीत के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है।

———————————————————————

स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अर्द्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जा रहा है। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले चरण के मतदान के लिए अर्द्धसैनिक बलों की कुल एक सौ तिरेपन कंपनियां तैनात की गयी है। औरंगाबाद में दस, गया में सोलह, नवादा में एक और जमुई में अट्ठाईस मतदान केन्द्र नक्सल प्रभावित हैं, जहां सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये गये हैं। झारखंड से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

———————————————————————

पहले चरण के चुनाव के दिन कल संबंधित संसदीय क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लोग मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के साथ–साथ बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों का उपयोग कर सकेंगे। इन पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और पासपोर्ट शामिल हैं।

———————————————————————

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण से पहले मतदाताओं से अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। श्री कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में युवाओं से चुनावी भागीदारी में नेतृत्व करने का आह्‌वान किया है।

——साउंड बाईट——

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पचासी वर्ष से अधिक उम्र के तथा दिव्यांग मतदाता घर से मतदान कर सकते हैं। मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्र भूतल पर ही बनाए गए हैं और इनमें पेयजल, शौचालय, शेड, रैम्प, व्हीलचेयर और हैल्पडेस्क के साथ– साथ स्वयंसेवी भी तैनात किए गए हैं।

––साउंड बाईट––.

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने मतदाताओं से बढ़–चढ़ कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी करने की अपील की है। श्री श्रीनिवास ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि सबसे पहले मतदान करने वाले मतदाता को प्रमाण पत्र देने के साथ ही उपहार स्वरूप पौधा भी दिया जाएगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

निर्वाचन आयोग ने कल सुबह सात बजे से एक जून को शाम साढ़े छह बजे तक एग्जिट पोल के प्रसारण पर रोक लगा दी है। आयोग ने कहा है कि इस अवधि में किसी भी मीडिया संस्थान द्वारा एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके प्रकाशन तथा प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस चरण के तहत बिहार की पांच लोकसभा सीटों– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में तेरह मई को मतदान होना है। वहीं, तीसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस चरण के तहत कल तक नामांकन के पर्चे दाखिल किये जा सकते हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे बक्सर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट.

–––बाईट–––

बक्सर लोकसभा क्षेत्र में सातवें चरण के तहत एक जून को मतदान होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि चुनाव घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है। जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

–––बाईट–––

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से बढ़–चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अपील की।

–––बाईट–––

लोकसभा क्षेत्र में पहली बार मतदाता बने युवाओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह है। वे अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप अपना जनप्रतिनिधि चाहते हैं।

–––बाईट–––

इधर, राजनीतिक दलों ने भी क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा अब प्रति दिन शाम चार और पांच बजे मुख्य समाचारों का प्रसारण किया जाएगा। इन समाचारों की अवधि दो मिनट की होगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों ने बिहार के एक श्रमिक राजा साह की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक बांका जिले के नवादा बाजार गांव का रहने वाला था। इस आतंकी घटना में शामिल आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों की ओर से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है। एक अनुमान के अनुसार इसकी जनसंख्या एक अरब चौवालीस करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष–यूएनएफपीए की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक अरब बयालीस करोड़ आबादी के साथ चीन दूसरे स्थान पर है। यूएनएफपीए भारत की जनसंख्या में वृद्धि को सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार और देश में मातृ मृत्यु दर में गिरावट से जोड़ता

है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, भारत की जनसंख्या अप्रैल दो हजार तेईस के अंत में चीन के बराबर हो गई और एक जुलाई, दो हजार चौबीस तक इसके पार होने की उम्मीद है।

————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में लू जैसे हालात हैं। मौसम विभाग ने आज चौदह जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा, मुंगेर, जमुई, बांका और खगड़िया में लू चलने की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि दक्षिण और उत्तर–पश्चिम बिहार के अधिकांश हिस्से लू की चपेट में रहेंगे। वहीं, उत्तर बिहार में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पछुआ हवा के प्रभाव से कल शेखपुरा और पूर्वी चंपारण जिले के कुछ हिस्से लू की चपेट में रहे। रोहतास, नवादा, बांका, सीवान और शेखपुरा समेंत पांच स्थानों का तापामान चालीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, इकतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ लगातार दूसरे दिन शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————

बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव डेरा के पास एक चार पहिया वाहन के पलट जाने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गयी। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के बलिया के जाफरीगंज के रहने वाले बताये जाते हैं।

————————————————————————

मधुबनी जिले के लदनिया थान क्षेत्र अंतर्गत पिपराही के पास से एसएसबी के जवानों ने भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक से पूछताछ की जा रही है।

————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बिहार की चार सीटों पर मतदान कल, प्रचार थमा।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– रेल टिकटों का चौबीस घंटे में रिफंड, नया ऐप होगा लॉच।

**प्रभात खबर** लिखता है– अग्निवीर बहाली, बाईस अप्रैल से होगा कॉमन एंट्रेंस एग्जाम।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– प्रचंड गर्मी, पांच जिलों का पारा चालीस के पार। अठारह से इक्कीस अप्रैल तक चलेगी हीट–वेव।

**राष्ट्रीय सहारा** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष रिपोर्ट के हवाले से लिखता है– देश की एक चौथाई आबादी चौदह साल से कम।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत कल औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में होगा मतदान। अड़तीस उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत दांव पर।

02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी। बिहार की पांच लोकसभा सीटों– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में तेरह मई को होगा मतदान।

03. भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ा। जनसंख्या का आंकड़ा लगभग एक अरब चौवालीस करोड़।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर लू जैसे हालात। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, बक्सर, औरंगाबाद, मुंगेर, जमुई और खगड़िया समेत चौदह जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।